हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 चिलचिलाती धूप ने बढ़ाया तापमान, बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ाई



12 शिक्षक अपने शिष्यों को पूरी मेहनत से तराशने का काम करें, ये ही देश का स्वर्णिम भविष्यः मो. शाइन



## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पैनल की केबल चोरी

**धारूहेड़ा।** राजपुरा आलमगीर में चोर एक किसान के खेत से सोलर पैनल की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में मंगल सिंह ने बताया कि उसने खेत में सोलर पैनल लगवाया हुआ है। सुबह के समय जब वह खेत में गया तो पैनल को नुकसान पहुंचाया हुआ था। उसकी प्लेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त को गई हैं। सोलर पैनल की लगभग 200 फीट केबल कटी हुई मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### गोकशी मामले का आरोपी वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने वर्ष 2016 में दर्ज किए गए एक गोकशी केस में आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू की थी, परंतु वह पुलिस गिरफ्त से बाहर था। उसे झज्जर पुलिस ने गोकशी मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपी जेल में बंद चला आ रहा है। पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले की जांच में शामिल कर लिया। बाद में उसे कोर्ट में पेश करते हुए वापस जेल भेज दिया।

### ठेकेदार पर मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** सेक्टर-3 में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयवीर ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने मकान की मरम्मत का कार्य कराने के लिए नवीन को ठेका दिया था। काम संतोषजनक नहीं होने पर उसने नवीन को इसकी शिकायत की। उदयवीर ने आरोप लगाया कि नवीन ने उसके मकान पर आकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने उसका बचाव किया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### खाली प्लॉट में खड़ी बाइक ले गए चोर

**डहीना।** सीहा गांव में चोर एक खाली प्लॉट में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नांगल निवासी सज्जन ने बताया कि सीहा के अस्पताल में कंपाउडर का कार्य करता है। वह अपने दोस्त विक्रम की बाइक यूज करता है। उसने बाइक रात के समय विक्रम के खाली प्लॉट में खड़ी की थी। सुबह जब वह प्लॉट में गया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। डहीना पुलिस चौकी ने केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### करावरा मानकपुर से युवक लापता

**रेवाड़ी।** करावरा मानकपुर से एक युवक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में जगदीश ने बताया कि उसका बेटा सुधीर 2 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे घर से कहीं चला गया। शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर तलाश शुरू की गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। उसने आशंका जताई है कि उसके बेटे को किसी ने छुपाकर रखा हुआ है या उसने खुद को छुपाया हुआ है। रोहड़ाई पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### बावल रोड पर माता रानी का भंडारा आज

**रेवाड़ी।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में दुर्गा मार्केट एसोसिएशन की ओर से बावल रोड स्थित वैष्णों महल होटल के पास 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे का आयोजन प्रति वर्ष मार्केट के दुकानदारों व दानदाताओं के सहयोग से किया जाता है। एसोसिएसन के सदस्यों ने शहरवासियों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### शहर में एक दशक से नहीं चालू हो पाई ट्रैफिक लाइटें

# चौराहों पर लंबे समय से येलो डिपर मार रही ट्रैफिक लाइटें, लाल व हरी बत्ती गुल, टाइमिंग भी नहीं सेट

- नगर परिषद मेंटेनेंस के नाम पर कई बार लाखो रुपये कर चुकी बर्बाद

हेमंत शर्मा ▶▶। रेवाड़ी

शहर को करीब एक दशक से एक बार भी ट्रैफिक लाइटों की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस बीच नगर परिषद इन ट्रैफिक लाइटों पर मेंटेनेंस व बार-बार नई लाइटें लगाने के नाम पर लाखों रुपये बर्बाद कर चुकी है। नगर परिषद की ओर से शहर के ज्यादातर कार्यों में सरकार राशि को चूना लगाया जा रहा है। दिन-प्रतिदिन बढ़ते वाहनों को देखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक लाइटों का शुरू होना बेहद जरूरी है, लेकिन नगर परिषद की ओर से लंबे समय से बहाने बनाकर ट्रैफिक लाइटों को चालू करने में लापरवाही बरती जा रही है। वर्तमान में शहर के चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें कहीं टूटकर लटकी हुई है तो कहीं शोपीश का काम कर रही है। शहर के सबसे व्यस्त चौक नाईवाली पर तो ट्रैफिक लाइटें तक नहीं है। पिछले दिनों सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में नप अधिकारियों का कहना था कि ट्रैफिक लाइटों की टाइमिंग सेट की जा रही है, लेकिन आलम यह है कि ये ट्रैफिक लाइटें सिर्फ येलो डिपर मार रही है। इन ट्रैफिक लाइटों में न तो टाइमिंग सेट हो पाई है और न ही रेड व ग्रीन सिग्नल दिखाई दे रहा है। कई ट्रैफिक लाइटें तो टूटकर लटकी हुई है।







रेवाड़ी। बावल चौक पर टूटकर लटकी ट्रैफिक लाइटें, अंबेडकर चौक के पास बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटें, अग्रसेन चौक पर येलो डिपर मारती ट्रैफिक लाइट। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। भाड़ावास रोड के मोड पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटें। फोटो :हरिभूमि

#### नप के साथ पुलिस प्रशासन की भी दिलचस्पी नहीं

नगर परिषद की ओर से बार-बार ट्रैफिक लाइटों की मेंटेनेंस का लाखों का ठेका दिया जाता है। उसके बाद ट्रैफिक लाइटों का कार्य तो शुरू हो जाता है, लेकिन देखरेख के अभाव में स्थित पहले जैसी ही हो जाती है।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक लाइटें काफी हद तक कारगर साबित हो सकती है, लेकिन नगर परिषद के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भी ट्रैफिक लाइटों को चालू कराने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं ले रहा है। गत 31 जनवरी को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नगर परिषद अधिकारियों की ओर से डीसी को अवगत कराया गया था कि 6 ट्रैफिक लाइटें इनस्टॉल कर दी गई है, जिन्हें जल्द ही शुरू किया जाएगा और नाईवाली व अभय सिंह चौक पर भी ट्रैफिक लाइटें शुरू की जाएगी, लेकिन दो महीने बीतने पर भी ट्रैफिक लाइटें पहले की तरह शोपीश बनी हुई है।

> **जहां लाइटें नहीं है, वहां नई ट्रैफिक लाइटें लगवाई जाएंगी**
>
> शहर के चौराहों पर कई ट्रैफिक लाइटें चालू है। जो लाइटें खराब है और लटक रही है, उनको जल्द ठीक कराया जाएगा। इसके अलावा जहां लाइटें नहीं है, वहां नई ट्रैफिक लाइटें लगवाई जाएंगी।
>
> -पूनम यादव, चेयरपर्सन, नगर परिषद, रेवाड़ी।

#### लाखों का ठेका देने पर भी काम नहीं

नगर परिषद की ओर से गत वर्ष 2024 के मई माह में नई ट्रैफिक लाइटें लगाने व खराब लाइटों को ठीक कराने के लिए एजेंसी को 24 लाख का ठेका दिया गया था, लेकिन 11 महीने बीतने के बाद भी न तो सभी जगह ट्रैफिक लाइटें लगाई गई है और न ही लगाई गई ट्रैफिक लाइटें चालू हो पाई है। पिछले एक दशक से शहर में ट्रैफिक लाइटें लगी हुई है।

शहर के 7 चौराहों पर लाखों रुपये की ट्रैफिक लाइटें लगाई गई थी। शहर के अग्रसेन चौक, बावल चौक, नाईवाली चौक, झज्जर चौक, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी व राव अभय सिंह चौक पर ट्रैफिक लाइटें शुरू की जानी थी। नगर परिषद की ओर से इन लाइटों की मरम्मत पर कई बार लाखों रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत किसी से छिपी नहीं है।

> **ट्रैफिक लाइटों से व्यवस्था में होगा सुधार**
>
> शहर के सभी चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों के सुचारू रूप से चलने ट्रैफिक कंट्रोल करने में काफी मदद मिलेगी। ट्रैफिक लाइटों से शहर की यातायात व्यवस्था में भी काफी हद तक सुधार होगा। वर्तमान में शहर में बढ़ते वाहनों से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। ट्रैफिक लाइटों के शुरू होने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार होगा।

## नहरी पुल के दोनों तरफ सीढ़ियां बनाने की मांग



रेवाड़ी। पुराने पुल पर बनी हुई सीढ़ियां फाइल फोटो। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। नहर विभाग की ओर से बनाया गया नया पुल, जिस पर सीढ़िया नहीं है।

- सीढ़ियां नहीं बनाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नाहड़

गांव नाहड़ के ग्रामीणों ने नहर विभाग के अधिकारियों से नए पुल पर सीढ़ियां बनाने की मांग की है। नाहड़-बहू मार्ग पर बाला धाम मंदिर के पास से गुजर रही नहर पर क्षतिग्रस्त पुल को तोड़कर नया पुल बनाया गया था, लेकिन सीढ़ियां नहीं बनाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाला धाम मंदिर कमेटी के प्रधान रामकुमार यादव, पुजारी गोविंद शर्मा, रिटायर्ड दरोगा सुरेश चंद्र शर्मा, राजाराम, धर्म सिंह, भोलूराम व उमेद सैनी ने बताया की पुराने पुल के दोनों और सीढ़ियां बनी हुई थी। सीढ़ियां होने से आसपास के पौधों में पानी डालने व अन्य कार्योंकी सुविधा मिल रही थी। उन्होंने बताया कुछ समय पहले कोहारड़ निवासी वृद्ध गुगनराम नहर में गिर गए थे, सीढ़ियां नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी मुश्किल से बचाया गया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से नए बने पुल पर पहले की तरह दोनों तरफ सीढ़ियां बनाने की मांग की है।

## इन्वेस्टमेंट के नाम पर 7.60 लाख की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने एक कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लगभग 7.60 लाख रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके बैंक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

साइबर थाना पुलिस ने बटोड़ी निवासी अजीत कुमार की शिकायत पर गत 15 जनवरी को ठगी का केस दर्ज किया था। पुलिस शिकायत में अजीत ने बताया कि गत वर्ष दिसंबर माह में उसके मोबाइल फोन पर लॉरयल कंपनी के नाम का एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद कंपनी के नाम की एप इंस्टाल हो गई। उसे एक व्हाट्सगुरप से जोड़ा गया, जिसमें एप के जरिए पैसा इन्वेस्ट करने पर अच्छा रिटर्न मिलने की बात कही गई थी। उसने झांसे में आकर गत वर्ष 27 दिसंबर से इस साल 6 जनवरी तक एप के जरिए 758654 रुपये जमा करा दिए। उसने यह राशि अपने व अपने पिता के बैंक खातों के साथ-साथ परिवार के पांच अन्य सदस्यों के खाते से ट्रांसफर कराई थी। जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे उसकी रकम वापस नहीं मिली। इसके बाद उसे साइबर ठगी का पता चला।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी।

> **पवन ने खुलवाया पत्नी के नाम पर खाता**
>
> पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी पवन खुल्लर ने अपनी पत्नी के नाम पर बैंक खाता खुलवाया था। यह बैंक खाता उसने रोहित कालिया के जरिए कमिशन बेस पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। अलग-अलग खातों से ट्रांसफर की गई रकम पवन की पत्नी के खाते में ही गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया।

## सीआईए ने अवैध हथियार के साथ आरोपी किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

सीआईए कोसली पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव ढाणा निवासी विकास के रूप में हुई है। पुलिस को गत 2 अप्रैल को सूचना मिली कि विकास निवासी गांव ढाणा जिला महेंद्रगढ़ अपराधी किस्म का युवक है तथा अवैध हथियार रखता है। आरोपी कंवाली से बेरली रोड पर नमन होटल के सामने खड़ा हुआ है। सूचना पर सीआईए ने आरोपी को मौके से काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से 1 देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है। जांचकर्ता ने बताया की आरोपी विकास के खिलाफ पहले भी थाना खोल, कनीना व बेरी झज्जर में मारपीट के 6 मामले दर्ज है।

## थम नहीं रहा खेतों में चोरों का आतंक सात किसानों के ट्यूबवेल पर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

खेतों में किसानों की बिजली केबल व फव्वारा नोजल चोरी करने वाला गिरोह काफी दिनों से सक्रिय है। पुलिस केस दर्ज करने के बाद भी गिरोह का भंडाफोड़ नहीं कर पाई है। खटावली की सीमा में चोर सात किसानों के ट्यूबवेल से बिजली केबल व फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत में जीतपुरा इस्तमुरार निवासी अंजीत सिंह ने बताया कि उसका ट्यूबवेल खटावली की सीमा में है। सुबह के समय जब वह खेत में गया तो उसके नलकूप से बिजली की केबल गायब मिली। 11 फव्वारा नोजल भी चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि चोर पड़ोसी होशियार के ट्यूबवेल से बिजली की केबल व 8 फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए हैं।

> **एसपी से चोरों का पता लगाने की गुहार**
>
> इन किसानों ने बताया कि चोर आए दिन क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस चोरी के केस तो दर्ज कर रही है, परंतु अभी तक चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हुई है। इससे किसानों को आए दिन नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने एसपी से मांग की है कि जल्द गिरोह का पता लगाकर उनके नुकसान की भरपाई कराई जाए।

## चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला अलीगढ़ के गांव पहाड़ीपुर हाल किरायेदार शुभम डिस्पोजल नजदीक घंटेश्वर मंदिर निवासी कृष्णा उर्फ भोला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। परशुराम कॉलोनी भाड़ावास रोड़ निवासी गिरराज सिंह ने गत 1 अप्रैल को अपने घर के सामने बाइक खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक कृष्णा उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ है, शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे

# चैत्र नवरात्र के छठे दिन मंदिरों में हुई मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना

- मंदिरों में विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शहर में मां दुर्गा के नवरात्रों की धूम मची हुई है। चैत्र नवरात्रों के छठे दिन वीरवार को शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ है। शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे हैं। मंदिरों में विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। नवरात्रों के छठे दिन शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर व बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शनों के लिए भारी भीड़ रही।

दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दर्शन करने व अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए माता मंदिरों में पहुंच रहे हैं। दुर्गा मां के पर्व पर शहर के कई मंदिरों ने 9 दिन तक विशेष व्यवस्था की। किया गया है। महर्षि कत के पुत्र ऋषि कात्य के गोत्र में पैदा हुए महर्षि कात्यायन ने मां भगवती की घोर उपासना करते हुए उनसे अपने घर में जन्म लेने का अनुरोध किया था। कात्यायन की उपासना व महिषासुर महेश के तेज के अंश से मां कात्यायनी ने महर्षि कात्यायन की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। वीरवार को महिला मंडलों की ओर से मां भगवती को समर्पित भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।





रेवाड़ी। दुर्गा माता मंदिर में सजी माता की प्रतिमा, रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग बड़ा तालाब स्थित माता का मंदिर।

> **आज होगी मां कालरात्रि की पूजा**
>
> मां दुर्गा की 7वीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। शुक्रवार को 7वें नवरात्रे पर उपासक मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है, सिर के बाल बिखरे हुए हैं, गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला भी है, मां के 3 नेत्र हैं, यह तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल है। मां की उपासना करने वाले साधकों को लाभ मिलता है, मां उनके समस्त पापों और विघ्नों का नाश कर देती है।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस

# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।







### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

### दार्जिलिंग चिड़ियाघर



**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं। यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *




### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था। आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *



### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *



जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए

# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्डः स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लूजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'


## बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी




शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *

**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को घर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



तमन्ना, कोरबा



वेदका, बालोद



रितेश, मटियारी




अथर्व, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173

बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के छात्रों ने किया इंडस्ट्रियल टूर

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल और सिविल के छात्र तथा छात्राओं के लिए एक इंडस्ट्रियल टूर का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को विभिन्न उद्योगों का दौरा करने का अवसर मिला। यह टूर छात्रों के शैक्षिक अनुभव को और भी समृद्ध करने और उन्हें उद्योग के वास्तविक कार्यकुशल माहौल से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस दौरे में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के उद्योगों का दौरा किया, जहां उन्होंने आधुनिक तकनीकी उपकरणों और प्रक्रियाओं को देखा। छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, मशीनों की कार्यप्रणाली और अन्य महत्वपूर्ण उद्योग संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

### मूंग की फसल को बढ़ावा दिया जाएगा

**मंडी अटेली।** हरियाणा सरकार द्वारा फसल विविधिकरण के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूंग को बढ़ावा देने के लिए योजना की शुरुआत की गई है। प्रदेश में 2025-26 के दौरान एक लाख एकड़ में दलहनी मूंग की फसल को बढ़ावा दिया जाएगा। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मनमीत यादव ने बताया इस योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य सुधारने व किसानों को तीसरी फसल द्वारा अतिरिक्त मुनाफा देने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई है। इसमें महेंद्रगढ़ जिले को अभी 2000 एकड़ में और 200 क्विंटल मूंग का बीज का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

### सिहमा नर्सरी में तैयार किए जा रहे 20 हजार पौधे

**मंडी अटेली।** पर्यावरण व हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सिहमा नर्सरी विभिन्न किस्मों के 20 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। ये पौधे जुलाई माह निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। सिहमा नर्सरी रामपुरा रोड पर पांच एकड़ में फैली हुई है। नर्सरी के इंचार्ज वैभव सिंह प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी जुलाई माह में वर्षा के मौसम में पौधे वितरित करने के लिए 20 हजार विभिन्न किस्मों के पौधे में निशुल्क वितरित की जाएंगे। तैयार होने वाले पौधों में गुलमोहर सिरस, काला सीरस, गुलाब, गुड़हल, कीकर, पापड़ी, पीपल, नीम, शीशम, चांदनी विभिन्न किस्मों के छायादार, शोभादार, खुशबूदार, हवादार, फलदार सहित आदि तैयार आदि तैयार किये जा रहे हैं।

### हकेंवि में छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामोदय सहस्त्र विद्या दीप पहल के अंतर्गत भारत रत्न नानाजी देशमुख की 108वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़कर ही नवाचार का मार्ग प्रशस्त होगा।

---

### अवैध हथियार, मादक पदार्थ व चोरी किए गए 19 वाहन किए बरामद

# पुलिस ने मार्च माह में आपराधिक मामलों में संलिप्त 425 आरोपियों पर कसा शिकंजा

- एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


एसपी डॉ. मयंक गुप्ता

जिला पुलिस ने माह मार्च-2025 में चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों में संलिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने वाले, जुआ खेलने वाले, अवैध हथियारों के शौकिन व ड्रग्स की तस्करी करने वाले 425 आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने में कामयाबी हासिल की है। एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने जिले के सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, सीआईए स्टाफ तथा पीओ स्टाफ को विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धर-पकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम में आमजन का सहयोग लेकर और तेजी लाने के निर्देश दिए है। जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधों पर अकुंश लगाने के लिए अपराधियों की धर-पकड़ जारी रहेगी। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 नंबर पर दे सकते हैं।

#### पुलिस की मार्च माह में उपलब्धियां

जिला पुलिस ने माह मार्च में 2 इनामी बदमाश सहित 6 उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अवैध हथियारों के शौकीन 16 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7 देशी कट्टे, 1 रिवाल्वर, 1 देसी पिस्टल व 23 जिंदा कारतूस भी बरामद किए। इसके अलावा ड्रग्स की तस्करी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 2 मामले दर्ज किए गए। इन आरोपियों के कब्जे से 1.30 किलोग्राम गांजा एवं 5.17 ग्राम स्मैक बरामद की गई। जुआ एवं सट्टा खाईवाली के 9 मामलों में 35 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 88944 रुपये की राशि बरामद की गई। पुलिस की ओर से करीब 15 लाख 12 हजार रुपये की कीमत की चोरी हुई 16 बाइक, 1 स्कूटी, 1 कार व 1 ट्रैक्टर को बरामद करने के साथ ही वारदातों को अंजाम देने वाले 31 आरोपियों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने गृहभेदन एवं चोरी के मामलों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 2 लाख 89 हजार रुपये से ज्यादा की कीमत के चोरी के सामान को बरामद किया गया।

#### गुमशुदा व्यक्तियों को परिवार से मिलाया

जिला पुलिस ने मार्च माह में जिले के अलग-अलग स्थानों से लापता हुए 75 लोगों को तलाश कर उनके परिवार से मिलाकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई। पुलिस ने 19 नाबालिक लड़के-लड़कियों तथा 56 महिलाओं व पुरुषों को तलाश कर परिजनों को सौंपा।

---

# मतदाता सूची से हटाए जा रहे डबल वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन के दौरान 74-रेवाड़ी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली के भाग संख्या 1 से 259 के डबल वोट व मतदाताओं के नाम तथा 72-बावल (अजा) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली के भाग संख्या 1 से 257 के डबल वोट, मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने हैं। डबल वोट वर्णित मतदाताओं के नाम हटाए जाने बारे यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय-जिला निर्वाचन कार्यालय में कानूनगों के पास 8 अप्रैल 2025 तक लिखित में दर्ज करा सकता हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा और कोई आपत्ति प्राप्त न होने की सूरत में मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से विलोपित कर दिए जाएगे। सूची निर्वाचक पंजीयन अधिकारी 74-रेवाड़ी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं उप मंडल अधिकारी नागरिक रेवाड़ी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, जिला निर्वाचन कार्यालय रेवाड़ी, प्रथम सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, 74-रेवाड़ी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं तहसीलदार रेवाड़ी तथा द्वितीय सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, 74-रेवाड़ी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं नायब तहसीलदार रेवाड़ी तथा निर्वाचक पंजीयन अधिकारी 72-बावल (अजा) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं उप मंडल अधिकारी नागरिक बावल कार्यालय के नोटिस बोर्ड, जिला निर्वाचन कार्यालय रेवाड़ी आदि कार्यालयों में चस्पाई गई है।

---

# एसोसिएशन ने जांच कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

- अलग एसोसिएशन बनाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। रविदास होस्टल में बैठक करते डिपो होल्डर। फोटो : हरिभूमि

दी रेवाड़ी डिपो होल्डर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वीरवार को डिपो होल्डर की रजिस्टर्ड संस्था की मनमानी की जांच कराने व कार्रवाई करने को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के प्रधान नागरमल लखेरा ने बताया कि जिले के दिनेश शर्मा डिपो होल्डर गांव खोरी ने अपने 5-7 डिपो होल्डरों को विश्वास में लेकर दिसंबर 2023 में अलग डिपो होल्डर एसोसिएशन का गठन कर लिया था, जबकि पूरे जिले में 243 डिपो होल्डर है। दिनेश शर्मा ने माह जनवरी 2024 में रेवाड़ी सेंटर में 500 रुपए प्रति डिपो होल्डर भी एकत्रित कर लिए तथा फरवरी 2024 में जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी से जिला रेवाड़ी राशन डिपो होल्डर वेलफेयर एसोसिएशन रेवाड़ी के नाम से झूठे दस्तावेजों के आधार पर संस्था रजिस्टर्ड करा ली। संस्था रजिस्टर्ड कराने के बाद वह अधिकारियों को विश्वास में लेकर संस्था के 3-4 पदाधिकारियों को लाभ पहुंचाने के लिए डिपो होल्डरों को बली का बकरा बनाने लगा तथा उन पर दबाव बनाकर शिकायतें करके परेशान करने लगा। प्रधान ने बताया कि उनकी एसोसिएशन की ओर से आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक किए जाने के लिए दिनेश शर्मा से सम्पर्क किया जाने लगा, लेकिन कोई सम्पर्क नहीं हुआ और न ही उक्त संस्था के कार्यालय का पता मिला, जिस पर आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक करने के दिनेश शर्मा के निवास स्थान खोरी पर रजिस्टर्ड पोस्ट से एक पत्र भेजा गया, लेकिन उसने आय-व्यय का ब्योरा देने के बजाय उनके उपर ही गलत आरोप लगाना शुरू कर दिया। दिनेश ने संस्था का आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया और यह भी नहीं बताया कि उक्त संस्था ने डिपो होल्डरों के हितों के लिए क्या-क्या कार्य कराए है।

---

# साइकिल यात्रा में शामिल होकर ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम का हिस्सा बने : अनुपमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि।

ड्रग फ्री हरियाणा साइकिल यात्रा में जिले की विशेष रूप से सक्रिय भागीदारी रहेगी। कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने विशेष तौर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे उदय.हरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करें और साइक्लोथॉन में विशेष भागीदार बनें।

कार्यवाहक डीसी ने बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा का जिले में नारनौल रोड स्थित भालखी माजरा गांव में जन भागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने साइकिल यात्रा में अधिक से अधिक युवाओं को भागीदार बनाने के लिए सभी खेल प्रशिक्षकों व खेल अकेडमी संचालकों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। कार्यवाहक डीसी ने ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूलों, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं, नशा मुक्ति केंद्र और युवाओं से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होकर इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान भी किया है। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन आगामी 8 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। जिले में रात्रि विश्राम के उपरांत यह यात्रा 9 अप्रैल को नूंह जिले में प्रवेश करेगी।

---

### तीन रेल गाड़ियां देपालसर स्टेशन पर नहीं ठहरेंगी

**रेवाड़ी।** बीकानेर-सादुलपुर रेलखंड के मध्य स्थित मोलीसर-चूरू स्टेशनों के मध्य देपालसर स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण कुछ रेलसेवाएं देपालसर स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 7 अप्रैल से 18 अप्रैल तक रेवाड़ी से प्रस्थान करके देपालसर स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 04850 चूरू-रतनगढ रेलसेवा 7 अप्रैल से 27 मई तक चूरू से प्रस्थान करके देपालसर स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। जोधपुर-हिसार रेलसेवा 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक ठहराव नहीं करेगी।

---

# रेवाड़ी-कोसली में 4900 क्विंटल गेहूं खरीदा, सरसों की खरीद कम

## रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड ने पांच हजार तथा बावल व कोसली में वेयरहाउस ने खरीदी 3367 क्विंटल सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में गेहं की खरीद करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को रेवाड़ी के साथ कोसली अनाजमंडी में भी गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई। बावल अनाजमंडी में अभी गेहूं की आवक शुरू नहीं हो पाई है। गेहूं में नमी की मात्रा ज्यादा आने के कारण एजेंसियां कम फसल खरीद कर रही है। वहीं सरसों का भाव ओपन में लगातार बढ़ता जा रहा है। ओपन में सरसों 5800 से 6200 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रही है, जिससे सरसों की सरकारी खरीद में कमी आने लगी है, जबकि एसएसपी पर सरसों 5950 रुपये की दर से ली जा रही है। किसान ओपन में और भाव बढ़ने का इंतजार करने लगे है। रेवाड़ी अनाजमंडी में वीरवार को फूड एंड सप्लाई की ओर से 2500 क्विंटल खरीद की गई। विभाग की दो दिन में 3246 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। वही हैफेड 470 क्विंटल गेहूं की 2425 रुपये एमएसपी की दर से खरीद कर चुका है। गेहूं की खरीद 12 प्रतिशत नमी तथा सरसों की 8 प्रतिशत नमी तक खरीद की जा रही है। वही कोसली अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 2400 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। कोसली मंडी में अब तक 166636 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है तथा बुधवार शाम तक 91232 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। 1500 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि सरसों के एक लाख 4334 कट्टों का उठान हो चुका है।

#### हैफेड कर रहा खरीद



वीरवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 260 किसानों से 500 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हैफेड की ओर से अभी तक 91337 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। इसके अलावा किसान 65 हजार क्विंटल से अधिक सरसों ओपन में बेच चुके है। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से वीरवार को 67 किसानों से 1867 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 21944 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है तथा 35000 कट्टों का उठान भी किया

#### 319 गेट पास जारी



**कोसली।** अनाज मंडी में वीरवार को गेहूं की खरीद शुरू हो गई। हैफेड के प्रबंधक मनोज कुमार ने पहले दिन 2400 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार तक 17929 क्विंटल गेहूं के 319 गेट पास जारी किए गए थे। वीरवार दोपहर बाद साइट ठप्प हो गई, जिसके कारण गेटपास जारी करने का कार्य बाधित हो गया।

---

### रेशनलाइजेशन के बहाने एचकेआरएन अध्यापकों को हटाना गलत : महेश

**नारनौल।** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के राज्य सचिव महेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अभी तक विभाग द्वारा न तो पदोन्नतियां की गई हैं और न ही कोई रेशनेलाइजेशन की लिस्ट जारी की गई है, फिर भी स्कूलों से एचकेआरएन के तहत लगे अध्यापकों को हटाया जा रहा है जबकि अगर तथ्यों पर गौर किया जाए तो विभाग द्वारा अगर पदोन्नति समय रहते की जाएं तो जो पद खाली होंगे उन पर इन अध्यापकों की जरूरत रहेगी। अगर रेशनेलाइजेशन व्यवहारिक तरीके से की जाए तो पद समाप्त नहीं होंगे बल्कि बढ़ेंगे। अतः संगठन ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव, महानिदेशक सेकेंडरी शिक्षा व महानिदेशक मौलिक शिक्षा को पत्र भेज कर मांग की है कि इन अध्यापकों की जगह अगर कोई नियमित अध्यापक आता है तो भी इन अध्यापकों की एडजस्टमेंट के आदेश साथ ही साथ हों ताकि इन अध्यापकों का रोजगार सुरक्षित रह सके। अगर सरकार ऐसा नहीं करती तो यह स्कूल व स्कूली शिक्षा के साथ खिलवाड़ होगा।

---

## हकेंवि में दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम 7 से

हरिभूमि न्यूज:महेंद्रगढ़



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा सामाजिक विज्ञान शोध पर केंद्रित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का आयोजन 7 अप्रैल से किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित और प्रायोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने दस दिवसीय इस आयोजन की विवरणिका को विमोचन किया। कुलपति ने आयोजन टीम को शुभकामनाएं दी और शोध क्षमताओं को सशक्त बनाने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया। विवि में मानविकी और सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता एवं पाठ्यक्रम की सहनिदेशक प्रो. पायल कंवर चंदेल ने कहा कि यह पाठ्यक्रम शोधकतार्ओं को सामाजिक विज्ञान में शोध को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पद्धतिगत कौशल प्रदान करने में मददगार साबित होगा।

---


**नारनौल।** आयुर्वेदिक कालेज पटीकरा में सफेद चंदन का पौधा लगाते मुकेश मित्तल।

### आयुर्वेदिक कालेज में लगाया सफेद चंदन का पौधा

**नारनौल।** पौधारोपण अभियान की मुहिम चलाते हुए आयुर्वेदिक कॉलेज पटीकरा में रोटेरियन मुकेश मित्तल ने सफेद चंदन का पौधा लगाया। थेरेपी ट्रैक के पास यह पौधा लगाया गया है। रोटेरियन मुकेश मित्तल ने कहा कि आयुर्वेदिक कॉलेज क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। आज के समय में उपचाराधीन मरीजों को प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज मिल रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो रही है। आयुर्वेदिक कॉलेज की डायरेक्टर संगीता नेहरा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा के लिए कॉलेज परिसर में अनेक औषधि युक्त पौधे लगाए गए हैं। सफेद चंदन का पौधा एक बेहद नायब औषधि है। जो आसानी से उपलब्ध नहीं होती। आज कॉलेज प्रांगण में यह पौधा लगाने से आगे आने वाले समय में यहां के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

---

**मौसम** दोपहर बाद आसमान में छाए आंशिक बादल, आज से मौसम साफ होने की संभावना

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मौसम ने एक बार फिर करवट ली

# चिलचिलाती धूप ने बढ़ाया तापमान बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। एक खेत में रखी काटी गई गेहूं की फसल।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मौसम ने एक बार फिर करवट ली। दोपहर तक तेज धूप के बाद शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छा गए। तापमान बढ़ने से गर्मी का असर भी बढ़ गया। बादलों ने किसानों को चिंतित कर दिया। तापमान में अभी लगातार वृद्धि होने की संभावना है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े तक गर्मी रात के समय भी पसीना छुड़ाने लगेगी।वीरवार को सुबह से आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान लगातार पांचवें दिन भी बढ़ा। 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 38.5 डिग्री पर आ गया। रात का पारा 1.4 डिग्री की वृद्धि के साथ 14 डिग्री पर पहुंच गया। इससे रात के समय भी मौसम गर्म होना शुरू हो गया है। भारी गर्मी के कारण बाजार में दोपहर के समय वीरानी सी छा जाती है। सड़कों पर वाहनों का आवागमन कम होने लगा है। हवाएं गर्म होने लगी हैं। हवा की रफ्तार 12 किमी प्रतिघंटा रही। दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छाने से बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है, जो अगले सप्ताह भी देखने को मिलेगा। दिन के तापमान के साथ अब रात का पारा भी चढ़ना शुरू हो जाएगा।

#### बादलों को देखकर किसान परेशान

इस समय सरसों की कटाई के बाद निकालने के कार्य चल रहा है। साथ ही गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। इस समय अगर बारिश होती है, तो गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। हवाओं के साथ बारिश फसल को जमीन पर गिरा सकती है, जिससे किसानों के लिए कटाई करना भी मुश्किल हो जाएगा। आसमान में बादल छाने के बाद किसानों ने कटाई का कार्य और तेज कर दिया है। हालांकि मौसम विभाग ने अभी बरसात की संभावना से इनकार किया है।


रेवाड़ी। वीरवार दोपहर को छाए बरसात के बादल।

---

**सार्वजनिक सुचना**

रेवाड़ी जिले के खंड नाहड़ की ग्राम पंचायत कारोली के अधीन मछली पालन के लिए उपयुक्त सभी सुविधाओं से युक्त तालाब की बोली 14-04-2025- को प्रातः 10-00 बजे पंचायत घर में होगी। इच्छुक व्यक्ति मौके पर पहुंचें। बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएगीं।

हस्ता/-सरंपच
ग्राम पंचायत कारोली खंड नाहड़ (रेवाड़ी) मो. 9991407372

**ग्राम पंचायत टहना दीपालपुर**
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टहना दीपालपुर, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 11.04.2025 तक जमा करवा दें। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी एवं पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 16.04.2025 को किया जाएगा।
नोट : दिनांक 11.04.2025 के बाद किसी की कुटेशन मान्य नहीं होगी।

हस्ता/- सरोज, सरपंच, ग्राम पंचायत टहना दीपालपुर, खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी)

## खबर संक्षेप

### यादव कल्याण सभा का शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 6 अप्रैल को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों की जांच करके फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एसपी यादव मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. अजीत यादव बालरोग, डा. विदुला यादव नेत्ररोग व डा. मनीष यादव ईएनटी के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा कैंप में लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथरेपी की फ्री सेवाएं देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### कोहारड़ मंदिर में हनुमान जयंती पर भंडारा 12 को

**नाहड़।** गांव कोहारड़ स्थित बाबा हर्षापुरी मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ व जागरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक हनुमान यादव ने बताया कि 11 अप्रैल को शाम 4 बजे कामू रंगीला सुंदरकांड पाठ करेंगे। रात 8 बजे से दिल्ली से पंडित राकेश पारीख अपनी टीम सदस्यों के साथ जागरण में हनुमानजी की महिमा का गुणगान करेंगे। शनिवार प्रातः 8 बजे हवन के बाद श्रद्धालुओं को बाबा के भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### आयुक्त ने किया पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण

# शिक्षक अपने शिष्यों को पूरी मेहनत से तराशने का काम करें, ये देश का भविष्य

■ अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





**रेवाड़ी।** बिठवाना स्कूल में बच्चों से बात करते आयुक्त तथा नागरिक अस्पताल में अधिकारियों के साथ आयुक्त। फोटो : हरिभूमि

जिले के प्रशासनिक सचिव एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने वीरवार को स्वास्थ्य सेवाओं तथा शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की तथा इन दोनों विभागों से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वे अपनी रिपोर्ट चंडीगढ़ में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को देंगे, जिससे कि जल्दी से जल्दी जिले में आम नागरिकों को बेहतर जनसेवाएं मिल सकें।

आयुक्त मोहम्मद शाइन ने सर्वप्रथम बिठवाना स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर संबंधी पढ़ाए जा रहे तकनीकी विषयों के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया ने बताया कि विद्यालय में आईटी वोकेशनल, फाइन आर्ट्स, पेंशेंट केयर असिस्टेंट के अतिरिक्त विषय नौंवी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाया जा रहा हैं। इसके अलावा समय-समय पर रोजगार विभाग के कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनमें प्रोफेशनल विशेषज्ञ आकर बच्चों को सीए, आईटी इंजीनियर, इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट, फैशन, एक्सपोर्ट, बिजनेस के बारे में जानकारी देते हैं। आयुक्त ने कैमिस्ट्री विषय की कक्षा अटेंड की और स्मार्ट बोर्ड पर किए जा रहे अध्ययन कार्य का अवलोकन किया। प्राचार्य डा. दुष्यंत कुमार ने स्कूल में बनाए गए बास्केटबॉल ग्राउंड, लाइब्रेरी, पीसी लैब, आईटी लैब व आर्ट गैलरी को दिखाया। आयुक्त ने बच्चों को प्रेरित किया कि किस प्रकार से वे लगन और मेहनत के बल पर अपने लक्ष्य को छू सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शिष्यों को पूरी मेहनत से तराशने का काम करें, ये ही हमारे देश को प्रगति के पथ पर लेकर जाएंगे।

इसके उपरांत प्रशासनिक सचिव ने सर शादीलाल नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया व पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने उनको अस्पताल की बिल्डिंग में होने वाले सुधार कार्य, नए अस्पताल के निर्माण, दवाईयों के स्टॉक, विशेषज्ञ चिकित्सक, फुट ओवरब्रिज में लिफ्ट लगवाने, आईसीयू वार्ड की स्थापना, फायर एनओसी व जमीन की निशानदेही कराए के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि भी उपस्थित थी।

आयुक्त ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए मरीजों से बातचीत की और सिविल सर्जन से प्रतिदिन की ओपीडी की जानकारी ली। डा. नरेंद्र दहिया ने बताया कि अस्पताल में 1600 से अधिक ओपीडी प्रतिदिन की जाती है।

अस्पताल के अलावा जिले में 23 पीएचसी व सीएचसी तथा 99 सब हेल्थ सेंटर चलाए जा रहे हैं। उनमें भी 1500 से अधिक ओपीडी हो रही है। इस समय 65 डॉक्टर अस्पताल में सेवारत हैं। पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने बताया कि मेडिकल वेस्ट का निस्तारण करने के लिए 200 बेड के अस्पताल में एक एसटीपी व एक ईटीपी का निर्माण कराया जाना है। इस मौके पर आयुक्त ने कहा कि अस्पताल की बिल्डिंग को और अधिक बेहतर बनाए जाने की आवश्यकता है। अस्पताल के नए ब्लॉक की जर्जर हालत के बारे में पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग के उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी तथा एक रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय तथा स्वास्थ्य विभाग के एसीएस को सौंपेंगे। इस अवसर पर डा. अशोक कुमार व डा. इंद्रजीत यादव सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।

## इंटरनेट सेवाओं का उपयोग सावधानी से करें : अनिल



**रेवाड़ी।** पार्क में लोगों को जानकारी देते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ वीरवार को रेजांगला पार्क में लोगों को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक किया

साइबर थाना टीम ने वीरवार को रेजांगला पार्क में लोगों को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक किया। प्रबंधक साइबर थाना पीएसआई राहुल के मार्गदर्शन में एएसआई अनिल कुमार व एचसी जसवंत ने लोगों को साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुडे हुई हैं। इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है। इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे-बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग व सोशल मीडिया पर अपना कारोबार व कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है, जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं। साइबर अपराधी इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं। मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पहुंचा देते हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करना चाहिए। किसी अंजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। किसी अनजान नंबर से आने वाली फोन कॉल, वीडियो कॉल का उत्तर नहीं देना चाहिए और न ही किसी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर करनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपने आप को बैंक का अधिकारी या प्रतिनिधि बताकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाता नम्बर, क्रेडिट-डेबिट कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि मांगता है, तो उस व्यक्ति के साथ उक्त जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

## कुलसचिव ने किया विश्वविद्यालय के भवनों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी




**रेवाड़ी।** आईजीयू के भवन का निरीक्षण करते कुलसचिव। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने वीरवार को राव तुलाराम भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागों की सफाई एवं प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षक स्टाफ से उनकी परेशानी के बारे में जाना और जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए उनके हित में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय भवन को साफ सुथरा और सुसज्जित बनाने तथा पुराने एवं अप्रयुक्त समान का जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एक्सईएन एसके यादव, एसडीई सुरेंद्र, जेई अनिल कुमार एवं कैप्टन मुकेश यादव उपस्थित थे।



**रेवाड़ी।** कोच उपेश को सम्मानित करते समाजसेवी। फोटो : हरिभूमि

## समाजसेवी ने कोच उपेश बॉक्सर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. कुंड

क्षेत्र के छह बच्चों का राई स्पोर्ट्स स्कूल के लिए फिजिकल टेस्ट क्लीयर होने पर वीरवार को कोच उपेश बॉक्सर को गांव टींट में प्रबुद्ध समाजसेवी दिनेश यादव ने टीम के साथ सम्मानित किया। इस मौके पर दिनेश यादव ने कहा कि उपेश क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों के साथ कड़ी मेहनत करके उनकों खेलों के लिए भी जागरूक कर रहे है तथा बच्चों को राई स्पोर्ट्स स्कूल जैसे संस्थानों के लिए तैयार कर रहे है।

## राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही नायसा

■ आयोजित सम्मान समारोह में छात्रा को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज. कुंड



**रेवाड़ी।** छात्रा को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

कस्बा कुंड के न्यू इरा स्कूल की छात्रा व ढाणी शोभा निवासी नायसा ने राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में होनहार छात्रा को सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक मास्टर नरेंद्र यादव ने विजेता छात्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया और नेशनल लेवल में और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्या सरोज देवी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 6000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी और छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विज्ञान निबंध प्रतियोगिता मेंभाग लेगी। इस अवसर पर मनोज कुमार, मनीषा यादव, परमवीर, तुषार, एकता यादव, मंजू यादव, धीरज शास्त्री, विकास सिंह, राजपाल, राकेश शर्मा, पूनम यादव व श्रीकांत यदुवंशी सहित सभी अध्यापक व ग्रामीण मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में जन सुनवाई करती कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि व एसपी डा. मयंक गुप्ता।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने की नागरिकों की सभी शिकायतों पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं

कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने वीरवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के यथाशीघ्र निपटान के निर्देश दिए। शिविर में एसपी डा. मयंक गुप्ता, डीएमसी राहुल मोदी व सीटीएम प्रीति रावत सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कार्यवाहक डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया जा रहा है। समाधान शिविर में श्रम विभाग, परिवार पहचान पत्र, जनस्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व इत्यादि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

### आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने की समीक्षा

## करदाताओं की बकाया राशि के लिए एक मुश्त निपटान योजना शुरू

■ सरकार की ओर से यह योजना एक अप्रैल से लागू हो चुकी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते आबकारी एवं कराधान आयुक्त।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सात विभिन्न अधिनियमों के तहत बकाया राशि के एक मुश्त निपटान योजना के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। सरकार की ओर से यह योजना एक अप्रैल से लागू हो चुकी है।

योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 23 मार्च को कुरुक्षेत्र में किया था। इस अवसर पर आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने जिले के व्यापार संगठनों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों, कर बार एसोसिएशन, सीए लागत लेखाकारों और विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का जानकारी दी।

उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से ओटीएस-2 योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने उद्योगों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और बार प्रतिनिधियों की ओटीएस-2 से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए।

इस अवसर पर आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बकाया रिकवरी को लेकर सभी करदाताओं को नोटिस देने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि नोटिस में हिदायत दी जाए की करदाता ओटीएस-2 के तहत अपना आवेदन प्रस्तुत करें। करदाताओं को नोटिस में वास्तविक बकाया राशि से भी अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के निदान के लिए करदाता जिला कार्यालय में स्थापित जीएटी सुविधा केंद्र में सम्पर्क कर सकता है। इस दौरान व्यापारिक समुदाय ने अपने व्यावसायिक अनुभवों को भी साझा किया। आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने व्यापारियों को सभी मुद्दों के निवारण का आश्वासन दिया। आबकारी व कराधान आयुक्त ने विभाग की माल एवं सेवा कर और आबकारी शाखा के कार्यो की समीक्षा भी की। आबकारी व कराधान आयुक्त ने कर भवन में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर अरुणा सिंह संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त रोहतक रेंज, एडीसी अनुपमा अंजलि, एलएन खारियन संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त रेवाड़ी और प्रीति चौधरी उप आबकारी व कराधान आयुक्त सहित विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



**रेवाड़ी।** कैमिस्ट एसोसिएशन को जानकारी देते सीएमओ। फोटो : हरिभूमि

## स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न करें कैमिस्टः डा. दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा प्रदेश में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में 8 व 9 अप्रैल को साइक्लोथॉन रैली का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व जिले के कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से साइक्लोथॉन के नोडल अधिकारी डा. अशोक कुमार, औषधि नियंत्रण अधिकारी रजनीश धानीवाल व मनोरोग विशेषज्ञा डा. प्रीति मौजूद थे। सिविल सर्जन डा. दहिया सभी को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी दवा विक्रेताओं को बताया कि नशा मुक्ति अभियान में उनकी भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। सभी कैमिस्ट यह सुनिश्चित करे कि उनकी दुकानों पर एक भी ऐसी दवा न हो, जिसमें किसी प्रकार का हानिकारक नशीला पदार्थ पाया जाए।

## गाड़ियों की ईसीएम प्लेट चोरी करने के मामले में दो और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज. कसोला



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में चोरी करने वाले आरोपी।

गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस ने कंपनी की वर्कशॉप से गाड़ियों की ईसीएम प्लेट चोरी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव थोडेदार का बास निवासी कामिल व समशुदिन उर्फ समुन के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

धारूहेड़ा निवासी कैशवन रोडवेज लिमिटेड कंपनी के एचआर हेड दीपेश सोनी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी कंपनी की गाड़ियों की रिपेयरिंग का काम गांव रालियावास स्थित वर्कशाप में किया जाता है। 13-13-14 जुलाई 2023 को कंपनी की वर्कशाप की पार्किंग से पांच गाडियों की ईसीएम प्लेट चोरी हो गई थी।


पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी तोफीक, रफीक व मुजिम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गाड़ियों की तीन ईसीएम प्लेट भी बरामद कर ली थी। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**निरीक्षण** मसानी बैराज के सुधार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए

# आयुक्त ने किया मसानी बैराज का निरीक्षण गंदे पानी की आपूर्ति रोकने के आदेश

■ विभाग प्रयास करें कि बरसात से पूर्व ही प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता अनुरूप कार्य करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** मसानी बैराज पर निरीक्षण करते जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त मोहम्मद शाइन। *फोटो : हरिभूमि*

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा रेवाड़ी के प्रशासनिक सचिव मोहम्मद शाइन ने मसानी बैराज व जनस्वास्थ्य विभाग के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कालूवास का निरीक्षण किया। इस मौके पर आयुक्त ने सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को किसी भी रूप से मसानी बैराज में रसायन युक्त गंदा पानी नहीं डालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मसानी बैराज के सुधार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

इस मौके पर आयुक्त मोहम्मद शाइन ने कहा कि गंदे पानी का ठहराव खेतों में न हो इसके लिए भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की निकासी के दौरान ओवरफ्लो की समस्या से सही तरीके से निपटा जाए। उन्होंने मसानी बैराज में जाने वाले गंदे पानी की जांच करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के कारण किसानों की फसलें खराब न हों, ऐसे में विभा वैकल्पिक व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि मसानी बैराज में गंदे पानी की आपूर्ति न हो इसके लिए गंदे पानी का ट्रीटमेंट बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को 6.5 एमएलडी से 10 एमएलडी करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य को जल्द वर्किंग में लाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग प्रयास करें कि बरसात से पूर्व ही प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता अनुरूप कार्य करे। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजी. प्रदीप पूनिया, एसई सर्कल सतीश राठी, एसई सिंचाई विभाग एके रघुवंशी, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन वीपी चौहान, एक्सईएन बावल रविंद्र गोठवाल व एक्सईएन कोसली अशोक यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।